Edit with WPS Office

# शिक्षा -आज की आवश्यकता

## अभ्यास

**मौखिक**

प्रश्न 1 शिक्षा किस - किस के विकास में सहायक है ?

उत्तर - शिक्षा व्यक्ति और देश दोनों के विकास में सहायक है ।

प्रश्न 2 किस आयु से किस आयु तक के बच्चों के लिए सरकार की ओर से शिक्षा

Edit with WPS Office

को अनिवार्य किया गया है ?

उत्तर - 6 से 14 साल की आयु तक के बच्चों के लिए सरकार की ओर से शिक्षा को अनिवार्य किया गया है।

प्रश्न 3 शिक्षक - दिवस कब मनाया जाता है ?

उत्तर - शिक्षक - दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है।

Edit with WPS Office

प्रश्न 4 हमारी सरकार किस वर्ग के लोगों को आर्थिक सहायता देकर शिक्षा को बढ़ावा दे रही है ?

उत्तर - हमारी सरकार निम्न वर्ग के लोगों को आर्थिक सहायता देकर शिक्षा को बढ़ावा दे रही है ।

**लिखित**

Edit with WPS Office

**(क) लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 1 प्राचीन समय में विद्यालय कैसे होते थे ?

उत्तर - प्राचीन समय में गुरुकुल की परंपरा थी ।यहाँ पर विद्यार्थियों को वेद , उपनिषद ,न्याय, दर्शन तथा व्याकरण आदि की शिक्षा दी जाती थी ।

प्रश्न 2 शिक्षा की

Edit with WPS Office

आवश्यकता क्यों है ?

उत्तर - मनुष्य के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है ।दूसरी तरफ किसी देश के विकास के लिए भी शिक्षा जरूरी है ।

प्रश्न 3 हमारी सरकार पिछड़े वर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए क्या - क्या सुविधाएँ प्रदान कर रही है ?

Edit with WPS Office

उत्तर - हमारी सरकार पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए काफी कार्य कर रही है।उन्हें मुफ़्त में वरदी तथा किताबें दी जा रही हैं।दूसरी तरफ प्राथमिक स्तर पर निशुल्क शिक्षा भी दी जा रही है ।

प्रश्न 4• प्रत्येक अच्छे विद्यालय में आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चों के दाखिले के

Edit with WPS Office

लिए क्या प्रावधान है ?

उत्तर - प्रत्येक अच्छे विद्यालय में आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चों के दाखिले के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं।

## (ख) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1•शिक्षक -दिवस कब और क्यों माना जाता है ?

Edit with WPS Office

उत्तर - शिक्षक - दिवस 5 सितंबर को भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ• सर्वपल्ली राधाकृष्णान की याद में मनाया जाता है ।इस दिन राधाकृष्णान जी का जन्म हुआ था ।

2• आपकी दृष्टि में एक साक्षर और निरक्षर व्यक्तित में क्या अंतर है ?

Edit with WPS Office

उत्तर - एक साक्षर व्यक्ति कोई भी निर्णय अच्छे ढंग से ले सकता है ।वह अच्छी नौकरी पाकर अपने परिवार को चलाता है ।साथ ही साथ देश के बाहर भी अपनी प्रतिभा से अच्छा संबंध बनाता है।जबकि निरक्षर व्यक्ति कई परेशाानियों का सामना करता है ।वह बहुत

Edit with WPS Office

सारी जानकारी से अनजान रहने के कारण अपने अधिकार और कर्तव्य को सही से समझ नहीं पाता ।

3• शिक्षित व्यक्ति अपनी शिक्षा से क्या - क्या लाभ उठा सकता है ?

उत्तर - शिक्षित व्यक्ति अपनी शिक्षा के द्वारा कई तरह के

Edit with WPS Office

लाभ उठा सकता है ।वह व्यक्ति दूसरों से सम्मान पा सकता है ।लोगों के बीच समानता का जीवन जीता है और परिवार तथा देश को अपने कार्यों द्वारा ऊँचाई पर ले जाता है।

4• शिक्षा तथा समाज की प्रगति का आपस में क्या संबंध है ?

Edit with WPS Office

उत्तर - शिक्षा व्यक्ति का विकास करती है।यह विकास शारीरिक तथा मानसिक दोनों तरह का होता है ।एक विकासशील व्यक्ति ही सभ्य समाज का निर्माण करता है ।सभ्य व्यक्ति ही समाज का विकास करता है ।इस प्रकार शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति

Edit with WPS Office

में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

5• सरकारी विद्यालयों के स्तर को ऊपर उठाने के लिए सरकार क्या-क्या प्रयास कर रही है ?

उत्तर - सरकारी विद्यालयों के स्तर को ऊपर उठाने के लिए सरकार पढ़ाई में कमज़ोर

Edit with WPS Office

बच्चों के लिए गरमी की छुट्टियों में भी कक्षाएँ चला रही है ।बच्चों की व्यक्तिगत समस्याओं को जानने के लिए अभिभावक -शिक्षक सभाएँ आयोजित  हो रही हैं।शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए' सर्व शिक्षा अभियान ' चलाया जा रहा है ।देश के पिछड़े इलाकों में सर्वोदय

Edit with WPS Office

विद्यालय तथा प्रतिभा विकास विद्यालयों की स्थापना की जा रही है।

**अतिरिक्त प्रश्न**

1• प्राचीन भारत के दो विश्वविद्यालय का नाम लिखिए ।

उत्तर - प्राचीन भारत के दो

Edit with WPS Office

विश्वविद्यालय नालंदा  और तक्षशिला हैं।

2• शिक्षा के लिए सरकार द्वारा चलाए गए अभियान का नाम लिखिए ।

उत्तर - शिक्षा के लिए सरकार ने सर्वशिक्षा अभियान चलाया ।

3• गुरुकुल किस युग में

Edit with WPS Office

शिक्षा  के केंद्र थे ?

उत्तर - गुरुकुल प्राचीन भारत में शिक्षा के केंद्र थे ।

4• शिक्षा- शुल्क में कमी क्यों करनी चाहिए  ?

उत्तर -शिक्षा- शुल्क की अधिकता के कारण कई सारे बच्चे सही ढंग से शिक्षा नहीं पाते।इसलिए शिक्षा -शुल्क

Edit with WPS Office

में कमी करनी चाहिए ।

5• भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति कौन थे ?

उत्तर - भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ• सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे।